# गर्मी की दस्तक, वाटर कूलर ठप पेयजल के लिए भटक रहे राहगीर

## पालिका द्वारा नहीं कराई गई वाटर कूलरों की मरम्मत, लोग परेशान



गढ़ में रोडवेज बस स्टेंड पर लगा वाटर कूलर बंद पड़ा।



गढ़ में नवका कुआं रोड पर लगा वाटर कूलर टूटा पड़ा।



गढ़ में नवका कुआं पर लगा वाटर कूलर टूटा पड़ा।

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

**हापुड़ :** शहर में लाखों रुपये खर्च कर पेयजल जल ही जीवन है इनध्यथा व्यवस्था के लिए लगाए गए वाटर कूलरों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। मार्च के अंतिम सप्ताह तक भी पालिका स्तर से वाटर कूलरों की मरम्मत नहीं हो पाई है। जिससे राहगीरों और दुकानदारों को इधर से उधर भटकना पड़ रहा है।

गर्मी के मौसम में राहगीरों और आसपास में दुकान करने वालों को पेयजल व्यवस्था के लिए लाखों रुपये खर्च कर पालिका द्वारा अधिकांश वार्डो में वाटर कूलर लगाए गए थे। कई वाटर कूलर वीरान पड़े हुए हैं। उनको ठीक कराने में पालिका स्तर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे राहगीरों और दुकानदारों समेत छात्रों को शुद्ध पेयजल के लिए पानी की बोतल खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। जबकि पालिका की बोर्ड बैठक में वाटर कूलरों की मरम्मत कराने के लिए टेंडर होने का प्रस्ताव भी रखा था, जिस पर सभी की सहमति भी मिल गई थी। लेकिन वाटर कूलरों की मरम्मत शुरू नहीं हो पाई है। राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि से लगे वाटर कूलर भी ठप राज्यसभा सांसद की निधि से करीब 25 लाख रुपये गढ़ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मुक्त सिंह का कहना है सभी वाटर कूलरों की स्थिति जांच ली गई है, एक सप्ताह के भीतर सभी वाटर कूलर ठीक करा दिए जाएंगे। खर्च कर वाटर कूलर लगाए गए थे। पालिका की लापरवाही के कारण वह भी सड़कों पर खराब पड़े हैं। जिससे सरकारी पैसों का दुरुपयोग हो रहा है। बता दें कि देख रेख में लापरवाही के कारण वाटर कूलरों की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

# पुलिस की मुस्तैदी के चलते होली पर शांति व्यवस्था रही कायम

## क्षेत्राधिकारी अनूप सिंह की कार्यशैली ने लोगों का मन मोहा



तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**बुलंदशहर :** सर्किल अनूपशहर, कोतवाली अनूपशहर जिसको छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है। पूरे जनपद में जितने धार्मिक आयोजन यहां होते हैं कहीं नहीं होते। होली से पहले लाखों श्रद्धालुओं गंगा स्नान करने आते है, साथ ही प्रत्येक अमावस्या, पूर्णिमा पर स्नान के साथ कार्तिक माह का भव्य मेला जिसमें लाखों श्रद्धालुओं को आना होता है प्रत्येक शिवरात्रि पर भी लाखों श्रद्धांलुओं का गंगा स्नान करने यहां आते है, आहार शिव मंदिर पर कांवड़, रंग वाली होली के बाद शाम को मेला निकलना आदि इन सभी कार्यों को शानदार तरीके से संभालने वाले सभी पुलिस कर्मचारी बधाई व प्रशंसा के पात्र हैं।

❖ होली के दिन चेकिंग के साथ-साथ सभी को मिठाई खिलाते नजर आये क्षेत्राधिकारी अनूपशहर अनूप सिंह

इसी कड़ी में आगे कहना है कि क्षेत्राधिकारी अनूपशहर अनूप सिंह व थाना प्रभारी धर्मेंद्र राठौड़ ने जब से कार्यभार संभाला है वरिष्ठ अधिकारियों को यहां व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए आना नहीं पड़ रहा और न ही एसपी देहात को कैंप करना पड़ा अन्यथा जब जब भी बड़े आयोजन हुए हैं यहाँ की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अधिकांश अवसर चिंतित देखे गए हैं मगर इन दोनों की तैनाती के बाद व्यवस्थाएं बदली हैं और बड़ी बात यह है कि बहुत लोगों की दुकान भी बंद हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंद नागरिक की हर संभव सहायता करना सबका फर्ज : अमरेंद्र खारा



**गढ़मुक्तेश्वर।** मोहल्ला सेगेवाला में छत पर रखे सैंटों (मूढ़ा बनाने का कच्चा माल) में बुधवार की शाम आग लग गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सेगेवाला निवासी लता देवी ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसने बताया कि उसके पति की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। जिसके बाद से वह मूढ़े बनाकर पालन-पोषण कर रही है। उसने मूढ़े बनाने के लिए उपयोग में आने वाले सैंटे अपने मकान की छत पर रखे हुए हैं। बुधवार को कुछ शरारती तत्वों ने उसमें आग लगा दी। छत से आग की लपटे और धुंआ उठते देख पड़ोसियों ने उसे जानकारी दी। उसने पड़ोस में रहने वाले लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन आग की चपेट में आने से करीब दो लाख रुपये का कच्चा माल जलकर राख हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गणेश पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव




**हापुड़/अनुज चौधरी :** गणेश पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव और रिजल्ट वितरण समारोह पर सभी बच्चों को रिजल्ट दिया तथा जो बच्चे खेल प्रतियोगिता में अच्छे स्थान पर आय उन्हें मेडल ओर सर्टीफिकेट दीये गय, जहाँ गांव के समानित लोक श्री राजू ठाकुर, श्री सतपाल जी श्री अनिल जी, श्री देवकरन जी श्री मसूद आदि लोक उपस्थित रहे तथा अध्यापक श्री कमल श्री विनोद जी अश्वनी जी शाहरूख जी गौरव जी मीना यादव जी पारुल जी पारुल लोध राजपूत जी सुखबीर जी नीलम जी नेहा जी शालू जी मिसरोज जी भाई कशिश जी आरती जी काजल जी दिव्या जी पिंकी जी मानसी जी शालू जी अध्यापक उपस्थित रहे तथा प्रधानाध्यापक श्री ओमेंद्र शर्मा जी जीबी उपस्थित रहे और विभिन्न विभिन्न गांव के लोग बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए आए जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती-रेखा नागर जी (जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़), श्रीमती बीना चौहान (जिला मंत्री महिला मोर्चा अध्यक्ष हापुड़) उपस्थित रहे तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि हमारे जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है तथा इस मौके पर स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक श्री अमृत जी उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए संबोधित किया तथा बच्चों के भविष्य को लेकर के विभिन्न विभिन्न प्रश्नों पर चर्चा की तथा अपने क्षेत्र से यूपी पुलिस से श्री रूपक जी ने बच्चों को संबोधित किया तथा आशीर्वाद दिया।

### खौफ का दूसरा नाम हुआ करता था मुख्तार, 63 की उम्र में दर्ज हुए 59 मुकदमें



**बांदा :** मुख्तार अंसारी किसी समय में खौफ का दूसरा नाम हुआ करता था। 63 साल के मुख्तार पर यूपी के अलावा दिल्ली और पंजाब राज्यों में करीब 59 गंभीर मुकदमें दर्ज हैं। इनमें से दो में तो उसे आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है। पंजाब जेल में मुख्तार की बादशाहत चलती थी, लेकिन जब से उसे प्रदेश की जेलों और खासतौर से बांदा की जेल में लाया गया, तभी मुख्तार माफिया कम और बीमार अधिक हो गया। मुख्तार पर हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट,गैंगस्टर रंगदारी व धोखाधड़ी आदि के मामले दर्ज थे। इसमें भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या भी शामिल है। मुन्ना बजरंगी व बृजेश सिंह के बीच छिड़े गैंगवार को बढ़ाने वाला भी मुख्तार अंसारी ही था। यही कारण था कि राजनीतिकों में भी उसका खौफ था। सियासत के साथ अपराधों की बढ़ती फेहरिस्त ने उसे बहुत कम समय में ही माफिया बना दिया था।

### 30 मार्च को हाथरस आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में लेंगे भाग

**हाथरस :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैलियों, रोड शो करने को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 30 मार्च को सीएम योगी आदित्यनाथ हाथरस में अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में शिरकत करेंगे। ब्रज की देहरी पर लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुट गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी के प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार को लेकर खाका खींचने में जुटे हैं। 30 मार्च को सीएम योगी आदित्यनाथ हाथरस में अग्रवाल सेवा सदन में आएंगे। योगी भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेंगे। आगरा से हैलीकॉप्टर के जरिए नंदन वन में योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। यहां से कार से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे। सुबह 11.35 बजे सम्मेलन में पहुंचेंगे। इसके बाद 12.35 बजे बुलंदशहर के लिए रवाना होंगे। इसे लेकर भाजपाइयों ने तैयारियों शुरू कर दी हैं। वहीं दूसरी ओर से प्रशासन ने भी हेलीपैड बनाने, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खाका खींच लिया है।

# पीड़ित दलित महिला ने कराई रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच में जुटी




तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**बुलंदशहर :** अहार क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित दलित महिला ने गांव के ही सवर्ण समाज के एक युवक के खिलाफ बेटा कुलदीप के साथ गाली-गलौच, मारपीट करने, अवैध हथियार से जान से मारने की धमकी देने तथा जातिसूचक गालियां देने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित दलित महिला ने पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा कि मेरा बेटा कुलदीप सोमवार को शाम के करीब छः बजे एक दुग्ध संग्रह केन्द्र पर घर से दूध देने गया था। वहां से घर वापस लौट रहा था तो रास्ते में गांव का ही दबंग योगेश ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसको जातिसूचक गालियां देने लगा मेरे बेटा ने उसका विरोध किया तो मारपीट करने लगा।

उसने शोर मचाया तो लोग मौके की ओर आने लगे तभी बेटा की कनपटी पर अवैध हथियार रख कर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पीड़ित दलित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच की जा रही है।

# गन्ना पेराई को लेकर सिंभावली मिल ने दूसरा नोटिस किया चस्पा




तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

**हापुड़ /सिम्भावली।** खुली खरीद के बाद भी क्षमता के अनुसार गन्ने की सप्लाई न मिलने के कारण बीच बीच में पेराई बंद होने से सिंभावली चीनी मिल पर बंदी का संकट मंडराया। सिंभावली चीनी मिल ने बुधवार को दूसरा नोटिस चस्पा किया है, जिसमें उल्लेख किया है कि संबंधित समस्त वाहय क्रय केंद्रों के साथ ही मिल गेट से संबंधित सभी किसानों के कलैंडर में बेसिक कोटे/अतिरिक्त सटटे एवं सर्वे के आधार पर खड़े गन्ने की समस्त पर्चियां निर्गत की जा चुकी है।

इसके अलावा 20 मार्च से सभी क्रय केंद्रों एवं मिल गेट पर गन्ने की खुली खरीद करते हुए चीनी मिल स्टाफ द्वारा गांवों जाकर व्यक्तिगत रुप से भी किसानों से मिलकर समय अंतर्गत गन्ना आपूर्ति करने का अनुरोध किया जा रहा है। मुनादी और लाउडस्पीकर द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है, परंतु इसके बाद भी मिल में गन्ने की उपलब्धता में बढ़ोतरी की बजाए उल्टे कमी आती जा रही है। जिसके कारण छह सात दिनों से गन्ने की कमी में चीनी मिल लगातार बंद होती आ रही है। चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक करनसिंह का कहना है कि मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 95 हजार कुंतल गन्ने की है, परंतु इसकी तुलना में अब बेहद कम गन्ना मिलने से मिल को बीच बीच में बंद करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि बीज को छोडक़र कुछ किसानों के पास अभी गन्ना खड़ा हुआ है, जिसे देखते हुए दूसरा नोटिस जारी किया गया है कि वे जल्द से जल्द अपना गन्ना सप्लाई कर दें।

अन्यथा तीस मार्च को गन्ने की कमी के कारण मिल का वर्तमान पेराई सत्र स्थाई तौर पर बंद कर दिया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक का कहना है कि अगर इसके बाद भी गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो फिर संबंधित किसान इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### आज व रविवार को भी खुले रहेंगे बिजली कार्यालय, पावर कार्पोरेशन ने जारी किया आदेश

**लखनऊ :** गुड फ्राइडे और रविवार को छुट्टी के दिन भी राजधानी सहित प्रदेशभर में बिजली कार्यालय खुले रहेंगे। दोनों दिन कार्यालयों में आम दिनों की तरह उपभोक्ताओं और विभाग के काम होंगे। इस संबंध में पावर कार्पोरेशन के संयुक्त सचिव विनोद कुमार मिश्र ने बृहस्पतिवार को आदेश जारी कर दिया। इसमें कहा गया कि वित्तीय वर्ष का अंतिम सप्ताह होने के चलते उपखंड अधिकारी से लेकर मुख्य अभियंता तक के कार्यालय आम दिनों की तरह 29 मार्च को गुड फ्राइडे और 31 मार्च को रविवार के दिन भी खोले जाएं।

# डिबाई क्षेत्र में अब ओयो होटल बने गैस्ट हाउस

तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**डिबाई/(बुलंदशहर) :** गौरतलब है कि डिबाई क्षेत्र में ओयो होटल खोलने की मानो होड सी लग गई थी जिधर देखो उधर ओयो होटल का टैग लगे होटल नजर आ रहे थे ओयो होटल की आड में जिस्म-फरोसी का धंधा भी खूब फल फूल रहा था। जिससे छात्र व छात्राओं के अलावा आसपास के माहौल पर भी लगातार गलत प्रभाव पड़ रहा है।

जैसे ही ओयो होटलों पर प्रशासन का चाबुक चला और ओयो होटल बन्द होते चले गये तो लाखों रुपए महीने कमाने वाले ओयो होटल संचालकों का मानो कारोबार ही बन्द हो गया। अब ज्यादातर ओयो होटल संचालक अब ओयो होटल की जगह गैस्ट हाउस नामक नाम का नाजायज फायदा उठा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो ऐसे ही कई गैस्ट हाउस हैं जहां गैस्ट कम और अवैध संबधों में लिप्त युवक और युवतियां घण्टे भर रूकते कभी भी देखे जा सकते हैं।

नाम न छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया की ये सोचने वाली बात है। डिबाई के धरमपुर रोड पर न तो कोई पिकनिक स्थल है और न ही कोई पर्यटक स्थल है फिर भी यहां भी गैस्ट हाउस हैं और उन गैस्ट हाउसों पर रोजाना ऐसे गैस्ट चोरी छिपे आते हैं जिनका मुंह पूरा ढका हुआ होता है जिनकी पहचान करना नामुमकिन हैं आखिर ये कैसे गैस्ट होते हैं जिन्हें अपनी पहचान छुपाने के लिए अपना मुंह तक छुपाना पड़ता है इससे ज्यादा देखने वाली और ये भी है कि इन गैस्टों का ज्यादातर रिकार्ड गैस्ट हाउसों पर नही रखा जाता है। जो जांच के दौरान कभी देखा जा सकता है।

# आज होगा मुख्तार के शव का पोस्टमार्टम, कई जिलों में धारा 144, पूरे प्रदेश में अलर्ट



तेजयुग न्यूज

**कानपुर :** बांदा जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज बांदा ने उसकी मौत की पुष्टि की है। पूरे यूपी में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। मऊ, गाजीपुर और बांदा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।

मुख्तार का एक बेटा अब्बास इस वक्त कासगंज जेल में सजा काट रहा है तो दूसरा और छोटा बेटा उमर अब्बास दो दिन पहले ही मेडिकल कॉलेज पिता को देखने आया था। परिवार के करीबियों ने बताया कि जैसे ही उमर को प्रशासन की ओर से उसके पिता की मौत की सूचना दी गई वह धड़ाम से अपनी कुर्सी पर गिर पड़ा। करीबियों के मुताबिक उमर कुछ ही देर में बांदा पहुंच भी जाएगा। उसने भरे गले से कहा कि दो दिन पहले इन पुलिस वालों ने अस्पताल में भर्ती पिता को शीशे से भी देखने नहीं दिया और आज जब वह इस दुनिया में नहीं है तो वही पुलिस प्रशासन उनके जनाजे को कंधा देने के लिए बुलावा भेज रहा है। ऐसे में एक बेटे के दिल पर क्या गुजर रही होगी, इन अधिकारियों को क्या मालूम। बकौल उमर जबसे उम्र संभाली तब से कई साल बिना पिता के बिताए हैं, भरोसा था कि कभी तो पिता का कंधा सिर रखने के लिए मिलेगा, लेकिन क्या पता था कि वह कंधा अब उसे कभी नसीब नहीं होगा।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद फ़िरोज़ाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने इलाके में फ्लैग मार्च भी निकाला। कभी जिसके नाम से गुंडे माफिया और बिल्डर्स भी कांपा करते थे, किसी ने नहीं सोचा था कि कभी वह माफिया भी खौफ के साए में जिंदगी बिताएगा। कुछ ऐसा ही हाल था पूरब के डॉन कहे जाने वाले माफिया मुख्तार अंसारी का, जिसकी मौत हुई तो बीमारी की वजह से लेकिन उसके पीछे कानून का खौफ भी शामिल था, जो उसको उसके गुनाह याद कर रहा था। जब से मुख्तार पंजाब से बांदा जेल आया था, शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जब उसने यूपी की जेल से दूसरी जेल भेजे जाने की इच्छा न की हो। यही वजह थी कि कब वह ब्लड प्रेशर, शुगर और पेट की बीमारी की गिरफ्त में आ गया, उसे खुद ही नहीं पता चला। इसके अलावा उसे लगातार दो तीन मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं, जिस दिन से प्रदेश में अतीक और उसके भाई की हत्या हुई है, तभी से मुख्तार के दिल में कानून और मौत खौफ और पैदा हो गया था। यही वह हालात थे कि जेल में उसका एक-एक दिन एक-एक साल के बराबर बीत रहा था।

# नगर में प्रतिबंधित व नशीली दवाओं का खेल वेरोकटोक जारी

## विभाग की कुम्भकरणी नींद के चलते मेडिकल संचालकों के हौसले हो रहे बुलंद



तेजयुग न्यूज/विकास त्यागी

**बुलंदशहर :** जहांगीराबाद नगर में संचालित अनेको मेडिकल स्टोर पर सरकारी नियमों की लगातार अनदेखी की जा रही है। मेडिकल संचालक की जगह अप्रशिक्षित व्यक्ति मेडिकल स्टोर का संचालन करते नजर आ रहे हैं। यह सभी प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने में माहिर है।

सूत्रों के माने तो नगर व क्षेत्र में मेडिकलों का धंधा जोरो पर नजर आ रहा है। प्रतिदिन बड़ा मुनाफा कर धन अर्जित करने मे लगे है। जिसके चलते नगर में संचालित मेडिकल स्टोर सरकारी नियमों की अनदेखी कर रहे है। मेडिकल संचालक की जगह कई अप्रशिक्षित व्यक्ति मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं। यह सभी प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री में करने में लिप्त हैं।

नगर में बिना लाइसेंस के भी मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं। यहां तक की क्षेत्र में सरकारी व निजी अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर संचालित हैं। जो नियमों को ताक पर रखकर मरीजों की जिदगी से खिलवाड़ करते हैं। साथ ही बिना लाइसेंस के चलने वाली इन दुकानों पर अप्रशिक्षित व्यक्ति मरीजों को दवा देते हैं। इन दुकानों पर दवाएं बेचने का खेल भी धडल्ले से चलता है। अस्पताल प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से साठगांठ होने के कारण मेडिकल संचालक बेखौफ निडर होकर अपनी दुकानें चला रहे हैं। सीएचसी में सेटिग कर यह मेडिकल संचालक गांव देहात से आने वाले मरीज के तीमरदारों को जमकर दवाओं के नाम पर लूटते हैं जबकि सीएचसी में कोई न कोई अधिकारी अस्पताल का निरीक्षण करने आता रहता है उसके बाबजूद आज तक किसी ने इन मेडिकल स्टोर पर कोई कार्यवाही क्यों नही की। नगर में संचालित मेडिकल स्टोरों का आलम यह है कि मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन किसी डिग्री या डिप्लोमा धारक के नाम पर है जबकि संचालन कोई और कर रहा है तथा धड़ल्ले से दवाएं दे रहा है। फार्मासिस्ट किराये पर अपना लाईसेंस चलवा रहे हैं।

### नही मिलते पक्के बिल

नगर में संचालित अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक ग्राहकों को पक्का बिल नहीं देते हैं। किसी के पास कम्प्यूटर नहीं है तो किसी के पास बिल बुक नहीं रहता है। ग्राहक मांगने पर पहले तो टहलाया जाता है। जब नही मानता है तो दवा के कागज के लिफाफे पर ही कीमत लिख दी जाती है। बिल न मिलने के कारण ग्राहकों को दवा वापसी करने में दिक्कत आती है।

### प्रतिबंधित दवाओं की होती बिक्री

नगर में अवैध रूप से संचालित इन दुकानों पर प्रतिबंधित (नशीली) दवाओं की बिक्री का खेल भी खूब चलता है। मेडिकल संचालक चिकित्सक के परामर्श पर मिलने वाली दवाएं भी लोगों को बेरोक टोक बेचते हैं। इसके बदले ग्राहकों से मुंहमांगी कीमत वसूल की जाती है। मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने पर कोई बिल या पर्ची नहीं दी जाती यदि कोई मांगता भी है तो उसे दवा न देने की धमकी दे दी जाती है।

सभी मेडिकल संचालकों को प्रिंटेड बिल देना अनिवार्य है। अगर नहीं देता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई मेडिकल संचालक प्रतिबंधित नशीली दवाओ की बिक्री करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा ।

*-ड्रग इंस्पेक्टर अनिल कुमार*